राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)

☎ **Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321**

E-Mail : matsyauniv.alwar@gmail.com Website : www.rrbmuniv.ac.in

दिनांक : 03.10.2016

-: प्रेस समाचार :-

बी.ए. प्रथम वर्ष परीक्षा-2016 का परिणाम जारी

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर द्वारा बी.ए. भाग प्रथम का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। बी.ए. भाग प्रथम वर्ष में 20874 विद्यार्थियों ने नियमित रूप से अपना नामांकन विश्वविद्यालय में कराया था। इनमें से 548 विद्यार्थी परीक्षा में पूर्णतः अनुपस्थित रहे। कुल 20326 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 5845 (28.75%) विद्यार्थी उत्तीर्ण तथा 4850 (23.86%) विद्यार्थी द्वितीय वर्ष मे प्रवेश लेने के योग्य घोषित किये गये है। इस प्रकार कुल 20326 विद्यार्थियों में से 10695 (52.61%) विद्यार्थी उत्तीर्ण व द्वितीय वर्ष के लिए योग्य घोषित किये गये हैं।

बी.ए. भाग प्रथम में नामांकित स्वयंपाठी विद्यार्थियों की संख्या 13048 थी। इन विद्यार्थियों में से 928 छात्र परीक्षा में पूर्णतः अनुपस्थित रहे। कुल 12120 विद्यार्थी स्वयंपाठी छात्रों के रूप में परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसमें से 1930 (15.92%) विद्यार्थी उत्तीर्ण तथा 3405 (28.09%) विद्यार्थी द्वितीय वर्ष के लिए योग्य घोषित किये गये है। कुल 12120 विद्यार्थियों में से 5335 (44.01%) विद्यार्थी उत्तीर्ण व द्वितीय वर्ष के लिए योग्य घोषित किये गये है। स्वयंपाठी विद्यार्थियों में से लगभग 1500 विद्यार्थी भूगोल प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होने के कारण अनुत्तीर्ण घोषित किये गये है। जिसके फलस्वरूप स्वयंमपाठी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम प्रभावित हुआ है।

(सप्तेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक